RAF SECTOR

NEWS CLIP

12/12/2020

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Dainik Bhaskar (JKD)

आरएएफ ने आयोजित किया मेला

जासं, जमशेदपुर : 106 बटालियन द्रूत कार्य बल द्वारा बुधवार को स्वणरिखा परिसर में मेले का आयोजन किया गया। कोविड 19 से बचाव व समस्त सुविधाओं के साथ इस कैम्प को आरएएफ के सभी कार्मिको, अधिकारियों और उनके परिजनों के लिए आयोजित किया गया था। मेले का उद्घाटन द्वितीय कमान अधिकारी विनोद कुमार के पर्यवेक्षण में, उप कमांडेंट अनामी शरण, धीरेन कुमार मोहांती व राकेश कुमार की निगरानी में लगाया गया था।

मेला का उद्घाटन करते आरएएफ के अधिकारी • जागरण

इस मेले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों द्वारा चाट, पानी पुरी, छोले-भटूरे के स्टॉल लगाए गए थे। वहीं, पुस्तक, वाहन, राशन, बैंकिंग, बच्चों के लिए मोबाइल, लैपटॉप सहित मनोरंजन की व्यवस्था की गई थी।

Prabhat Khabar (JKD)

शिविर में जवानों ने किया योगाभ्यास

स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सुंदरनगर थाना क्षेत्र स्थित रैफ 106 बीएन के द्वितीय कमान अधिकारी विनोद कुमार के नेतृत्व में एवं उप कमांडेंट अनामी शरण, धीरेन कुमार मोहंती तथा राकेश कुमार के पर्यवेक्षण में योग विहंगम के सौजन्य से कैंप परिसर में योग शिविर का आयोजन किया गया . शिविर में 200 जवानों सहित अधिकारियों ने योगाभ्यास किया . योग के माध्यम से स्वास्थ्य या निरोग रहने के गुर सीखे गये . योगाचार्य ने कहा कि सभी व्यक्तियों को योग का अभ्यास करना चाहिए .

Dainik Bhaskar (JKD)

रैफ परिसर में योग शिविर का आयोजन

जमशेदपुर | सुंदरनगर रैफ बटालियन परिसर में शुक्रवार को सेकेंड कमांडेंट विनोद कुमार के निर्देश पर डिप्टी कमांडेंट अनामी शरण, धीरेन कुमार मोहंती व राकेश कुमार की देखरेख में योग विहंगम जमशेदपुर के तत्वावधान में शिविर लगाया गया। इस दौरान 200 जवानों व अधिकारियों को योग के माध्यम से स्वस्थ रहने के बारे में जागरूक किया गया। मालूम हो कि 106 वाहिनी रैफ की ओर से एक दिसंबर से लेकर 15 दिसंबर तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत कैंप व आसपास के गांवों में स्वच्छता कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।